भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3216**

13 दिसम्बर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**आयुर्वेदिक अनुसंधान केंद्र**

3216. श्री हनुमान बेनीवाल:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश में आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए नए आयुर्वेदिक अनुसंधान केंद्रों की स्थापना करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा कौन-कौन सी नीतिगत पहलें की गई हैं और सरकार को इस संबंध में कितनी सफलता मिली है; और

(ग) देश में कार्यशील आयुर्वेदिक अनुसंधान केंद्रों का राजस्थान सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) और (ख)**:** आज की तिथि तक**,** आयुष मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ग) आयुष मंत्रालय**,** भारत सरकार ने आयुर्वेदीय विज्ञान में वैज्ञानिक तर्ज पर अनुसंधान कार्य के प्रारंभ, समन्वय, निरूपण, विकास और प्रोत्साहन के लिए एक स्वायत्त संगठन, केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) की स्थापना की है। देश के 25 राज्यों में 30 परिधीय संस्थानों के माध्यम से परिषद की गतिविधियां की जाती हैं। सीसीआरएएस संस्थानों/केंद्रों की सूची **संलग्नक-I** पर दी गई है।

राजस्थान राज्य में सीसीआरएएस के तहत एक संस्थान नामतः एमएस क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (एमएसआरएआरआई)**,** जयपुर में कार्यशील है।

*****

**संलग्नक-I**

**सीसीआरएएस अनुसंधान संस्थानों/केंद्रों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | संस्थान/केंद्र का नाम |
|---|---|---|
| 1. | अंदमान व निकोबार द्वीप | 1) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पोर्ट ब्लेयर |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 2) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, विजयवाड़ा |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 3) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, ईटानगर |
| 4. | असम | 4) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, गुवाहाटी |
| 5. | बिहार | 5) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पटना |
| 6. | दिल्ली | 6) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली |
| 7. | गोवा | 7) क्षेत्रीय आयुर्वेद खनिज एवं समुद्री औषधीय संपदा अनुसंधान संस्थान, गोवा |
| 8. | गुजरात | 8) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, अहमदाबाद |
| 9. | हिमाचल प्रदेश | 9) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, मंडी |
| 10. | जम्मू-कश्मीर | 10) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, जम्मू |
| 11. | कर्नाटक | 11) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, बेंगलुरु |
| 12. | केरल | 12) राष्ट्रीय आयुर्वेद पंचकर्म अनुसंधान संस्थान, चेरुथुरुथी |
| | | 13) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, तिरुवनंतपुरम |
| 13. | मध्य प्रदेश | 14) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, ग्वालियर |
| 14. | महाराष्ट्र | 15) राजा रामदेव आनंदीलाल पोदार (आरआरएपी) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, मुंबई |
| | | 16) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, नागपुर |
| | | 17) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पुणे |
| 15. | नागालैंड | 18) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र, दीमापुर, नागालैंड |
| 16. | ओडिशा | 19) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर |
| 17. | पंजाब | 20) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पटियाला |
| 18. | राजस्थान | 21) एम.एस. क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, जयपुर |
| 19. | सिक्किम | 22) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, गंगटोक |
| 20. | तमिलनाडु | 23) कैप्टन श्रीनिवास मूर्ति केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, चेन्नई |
| | | 24) डॉ. अचंता लक्ष्मीपति क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, चेन्नई |
| 21. | तेलंगाना | 25) भारतीय चिकित्सा राष्ट्रीय विरासत संस्थान (एनआईआईएमएच), हैदराबाद |
| 22. | त्रिपुरा | 26) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र, अगरतला, त्रिपुरा |
| 23. | उत्तर प्रदेश | 27) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, झांसी |
| | | 28) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, लखनऊ |
| 24. | उत्तराखंड | 29) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, रानीखेत |
| 25. | पश्चिमी बंगाल | 30) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, कोलकाता |